देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 19 अंकः 224 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
राजनीतिक भेदभाव



देहरादून, शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 08.0°

82924.41

2 ट्रंप ने शी चिनफिंग को दिया न्यौता

7 भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ओवरवेट है

# मंदिर–मस्जिद से जुड़ा नया केस नहीं होगा दायर

## मस्जिदों से जुड़े मुकदमों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई 'सुप्रीम' रोक

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में मस्जिदों के खिलाफ ताबड़तोड़ दर्ज हो रहे अदालती मुकदमों पर सुप्रीम कोर्ट ने ब्रेक लगा दिया है। इसके बाद संभल की जामा मस्जिद, जौनपुर की अटाला मस्जिद और बदायूं की शम्सी जामा मस्जिद केस पर बड़ा असर पड़ने वाला है। इन सभी मामलों में निचली अदालतें सर्वे के आदेश समेत कोई भी अंतरिम फैसला नहीं दे पाएंगी। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही किसी अन्य मस्जिद या धर्मस्थल को लेकर सर्वोच्च अदालत के अगले आदेश तक कोई मुकदमा भी दर्ज नहीं किया जाएगा।

देश की सुप्रीम अदालत साल 1991 के पूजा स्थल अधिनियम की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं के एक बैच पर सुनवाई कर रही थी। यह अधिनियम 15 अगस्त 1947 से पूजा स्थलों के धार्मिक चरित्र के रूपांतरण को प्रतिबंधित करता है। यानी कि जो भी धार्मिक स्थल 15 अगस्त 1947 से पहले जिस हालत में थे, वह वैसे ही रहेंगे। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वो इस कानून की संवैधानिक वैधता, इसकी रूपरेखा और दायरे का विश्लेषण कर रहे हैं, इसलिए उन्हें देशभर में लंबित मुकदमों की सुनवाई पर रोक लगानी होगी।

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की स्पेशल बेंच ने आदेश दिया कि पूजा स्थल अधिनियम से संबंधित केस कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। ऐसे में हम यह निर्देश देना उचित समझते हैं कि न्यायालय के अगले आदेश तक पूजा स्थलों के खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं किया जाएगा और कार्यवाही नहीं की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि हम यह भी निर्देश देते हैं कि लंबित मुकदमों में अदालतें सर्वेक्षण के आदेशों समेत कोई प्रभावी अंतरिम आदेश या अंतिम आदेश पारित नहीं करेंगी। सुनवाई के दौरान कुछ वकीलों ने विभिन्न अदालतों के सर्वे के आदेशों पर एतराज जताया। हालांकि, इन एतराज पर कोर्ट ने टिप्पणी नहीं की। जस्टिस के वी विश्वनाथन ने कहा, अगर सुप्रीम कोर्ट में कोई सुनवाई लंबित है, तो सिविल कोर्ट उसके साथ रेस में नहीं है। एक पोर्टल या कोई व्यवस्था बनाई जाए।

### निचली अदालत कोई भी प्रभावी आदेश न दें



सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि निचली अदालत कोई भी प्रभावी या अंतिम आदेश नहीं दें। सर्वे का भी आदेश न दें। केंद्र 4 सप्ताह में एक्ट पर सुको में जवाब दाखिल करे। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील राजू रामचंद्रन ने कहा कि अलग–अलग अदालतों में 10 सूट दाखिल हुए हैं और इनमें आगे की सुनवाई पर रोक लगाए जाने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने इस मांग का विरोध किया।

### केंद्र को दिया चार हफ्ते का समय

शीर्ष अदालत ने 1991 के कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को चार सप्ताह का और समय दिया। याचिकाओं के एक समूह पर विचार करते हुए अदालत ने यह भी कहा कि कानून के क्रियान्वयन की मांग करने वाली याचिका पर भी केंद्र द्वारा कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है। पीठ ने कहा, मुकदमे दायर किए जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती। जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या दूसरों के लिए इस पर रोक लगाना उचित नहीं होगा। जब तक हम मामले की जांच नहीं कर लेते, तब तक कोई प्रभावी आदेश या सर्वेक्षण आदेश पारित नहीं किया जा सकता।

### क्या है प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट?

1991 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार एक कानून लेकर आई थी, जिसे प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट कहा जाता है। उपासना स्थल अधिनियम, 1991 को पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने राम मंदिर आंदोलन के चरम पर लागू किया था। कानून का उद्देश्य 15 अगस्त, 1947 को मौजूद धार्मिक स्थलों की स्थिति की रक्षा करना था। देश भर में मस्जिद और दरगाह सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर सर्वेक्षण करने के लिए लगभग 18 मुकदमे दायर किए गए हैं, जिसके बारे में मुस्लिम पक्षों ने दावा किया है कि यह कानून के प्रावधानों की अवहेलना है। प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट में सजा का भी प्रावधान था। उल्लंघन पर एक से तीन साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता था।

## संक्षिप्त समाचार

### जेएनयू में फिल्म साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में पथराव

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। दिल्ली के जेएनयू में गुरुवार को एक आयोजन में पथराव हो गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया जा रहा था। इस दौरान लेफ्ट के छात्रों पर पथराव का आरोप एबीवीपी ने लगाया है। फिल्म की स्क्रीनिंग साबरमती ढाबा के बैडमिंटन कोर्ट में चल रही थी कि अचानक हुई पत्थरबाजी के बाद मौके पर भगदड़ मच गई।

### नवंबर में महंगाई से मिली थोड़ी राहत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर नवंबर महीने में लोगों को मामूली राहत मिली। सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दर बीते महीने 5.48 प्रतिशत रही। इससे पहले अक्तूबर में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत थी।

# लोगों को बताएं वन नेशन वन इलेक्शन के फायदे: पीएम

## वन नेशन–वन इलेक्शन बिल को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी सरकार की अगुवाई वाली केंद्रीय कैबिनेट ने बृहस्पतिवार को श्वन नेशन, वन इलेक्शनश से जुड़े विधेयकों को मंजूरी दे दी है। सूत्रों की मानें तो कैबिनेट मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह ने वन नेशन वन इलेक्शन बिल से जुड़े टेक्निकल इशू पर ब्रीफ किया। पीएम मोदी ने कहा कि जनता के बीच में जाकर लोगों को वन नेशन वन इलेक्शन के फायदे बताएं कि कैसे ये बिल जनता के लिए लाभकारी है। इसको लेकर लोगों में जागरूकता फैलाएं। सूत्रों ने बताया कि विधेयकों को मौजूदा शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की संभावना है।

सबसे पहले जेपीसी की कमेटी का गठन किया जाएगा और सभी दलों के सुझाव लिए जाएंगे। अंत में यह विधेयक संसद में बिल लाया जाएगा और इसे पास करवाया जाएगा। इससे पहले रामनाथ कोविंद की कमेटी ने सरकार को एक देश, एक चुनाव से जुड़ी अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

सूत्रों का कहना है कि लंबी चर्चा और आम सहमति बनाने के लिए सरकार इस विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने की योजना बना रही है। जेपीसी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा करेगी और इस प्रस्ताव पर सामूहिक सहमति की जरूरत पर जोर देगी।

देश में अभी अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग समय पर चुनाव होते हैं. यह विधेयक कानून बनने के बाद देश में एक साथ चुनाव कराए जाने की तैयारी है।

### 'वन नेशन–वन इलेक्शन' के विरोध में उतरा विपक्ष

वन नेशन वन इलेक्शन के कैबिनेट से पास होने के बाद नेताओं के रिएक्शन भी आने लगे हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन अलोकतांत्रिक व असंवैधानिक है। एक चुनी हुई सरकार की समय से पहले हटाना या किनारे करना या किसी की अवधि बढ़ाना भी ठीक नहीं। सपा नेता रामगोपाल यादव ने कहा कि पहले मसौदा आने दीजिए। पढ़ने के बाद तय करेंगे। वायनाड सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का सदन में पुरजोर विरोध करेंगे।

# गुकेश बने शतरंज के सबसे युवा विश्व चैंपियन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। चेस की दुनिया में डी गुकेश ने नया कीर्तिमान रच दिया है। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को सिंगापुर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप के निर्णायक 14वें गेम में डिंग लिरेन को हराकर सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बन गए। 18 साल की उम्र में गुकेश, विश्वनाथन आनंद के बाद शतरंज में विश्व चैंपियन बनने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने।

गुकेश और डिंग गुरुवार को मैच के अंतिम गेम में 6.5 अंकों के साथ बराबरी पर थे। 14वीं बाजी, जिसमें डिंग सफेद मोहरों से खेल रहे थे और गुकेश काले मोहरों के साथ। मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था। तभी मैच की 53वीं चाल में डिंग ने गलती कर दी और गुकेश ने बाजी पलट दी। गुकेश ने लिरेन की गलती का फायदा उठाते हुए कमाल कर दिया और पिछले साल के विश्व चैंपियन को मात दे दी। डिंग मैच को टाईब्रेकर तक ले जाना चाह रहे थे, लेकिन अंत में गुकेश ने जीत की तरकीब निकाल ली। गुकेश वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के 18वें विश्व चैंपियन और सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने।

गुकेश ने 14वें गेम में चीन के डिंग लिरेन को 7.5–6.5 से हराया। गुकेश ने तीसरा, 11वां और 14वां गेम जीता। वहीं, लिरेन ने पहला और 12वां गेम जीता। बाकी सभी गेम ड्रॉ रहे। डी गुकेश चेस के वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बने।

### कीर्तिमान

- चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराया

### 138 साल के इतिहास में पहली बार

अंतरराष्ट्रीय चेस फेडरेशन के 138 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब 2 एशियाई खिलाड़ी आमने–सामने हुए। डी गुकेश को वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने पर 20.86 करोड़ रुपए (2.5 मिलियन यूएस डॉलर) मिलेगा।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# शीतकालीन यात्रा–श्रद्धालुओं को न हो कोई परेशानी

संवाददाता

देहरादून। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने गुरुवार को शीतलहर को लेकर सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने शीत लहर को लेकर प्रदेशभर में आम जनमानस को राहत पहुंचाने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सभी जिलों को शीतलहर से निपटने के लिए धनराशि मुहैया कराई गई है।

सचिवालय में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि शीतकालीन यात्रा प्रारंभ हो चुकी है। यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को ठंड के मौसम में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस पर खास ध्यान दिया जाए। मौसम तथा सड़कों की स्थिति को देखते हुए यात्रियों को आगे रवाना किया जाए। यदि बर्फबारी के कारण मार्ग बाधित होते हैं तो यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोकने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि जिन गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी जनवरी और फरवरी माह में होनी है, उनका डाटाबेस बनाया जाए।

■सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने ली बैठक

## न्यूज डायरी



### बांग्लादेश की कोर्ट ने खारिज की संत चिन्मय कृष्ण की अग्रिम सुनवाई वाली याचिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश की एक अदालत ने देशद्रोह मामले में गिरफ्तार हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका पर अग्रिम सुनवाई से इनकार कर दिया और कहा कि पहले से तय तारीख दो जनवरी को ही सुनवाई होगी। कोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि चटगांव मेट्रोपॉलिटन सेशन जज सैफुल इस्लाम ने याचिका को इसीलिए खारिज कर दिया, क्योंकि अग्रिम सुनवाई की अनुरोध वाली याचिका दायर करने वाले वकील के पास चिन्मय की ओर से वकालतनामा नहीं था। उन्होंने कहा, वकील रवींद्र घोष ने अग्रिम सुनवाई का अनुरोध तब किया, जब एक अन्य वकील ने जज को बताया कि उनके (घोष के) पास संत की पैरवी करने के लिए कोई वकालतनामा नहीं है। इसके बाद जज ने याचिका खारिज कर दी। हिंदू समूह सम्मिलिता सनातनी जोत के नेता एवं इस्कॉन से जुड़े रहे चिन्मय को 25 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। इसके अगले दिन चटगांव की एक अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी और उनको जेल भेज दिया था। उनकी गिरफ्तारी को लेकर समर्थकों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था। इधर, पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने ढाका में भारत विरोधी प्रदर्शन किया। खालिदा का रुख भारत विरोधी है। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें जोय बांग्ला (बांग्ला की जीत) को राष्ट्रीय नारा घोषित किया गया था। पूर्ववर्ती अवामी लीग सरकार ने राष्ट्रीय उत्सव के दौरान सभी सरकारी कार्यालयों में यह नारा लगाना अनिवार्य कर दिया गया था।

### ब्रिटेन में चचेरे भाई–बहन की शादी पर प्रतिबंध के प्रस्ताव पर छिड़ी बहस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन में चचेरे भाई–बहनों के बीच विवाह पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्तावित विधेयक पर संसद में तीखी बहस छिड़ गई है। कंजर्वेटिव सांसद रिचर्ड होल्डन ने एक प्रस्ताव पेश किया। विधेयक का उद्देश्य बच्चों में जन्म दोषों के बढ़ते जोखिम के कारण चचेरे भाई के विवाह पर रोक लगाना है। होल्डन ने तर्क दिया कि चचेरे भाई–बहनों के बीच शादी से जन्म दोष का खतरा बढ़ गया है और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इस प्रथा पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ प्रवासी समुदायों, जैसे कि आयरिश ट्रैवलर्स और ब्रिटिश पाकिस्तानी में चचेरे भाई–बहनों के बीच विवाह की दर अधिक है, जिसमें 20–40 फीसदी विवाह पहले भाई–बहनों के बीच होते हैं। हालांकि पिछले दशक के भीतर दर में गिरावट की कुछ रिपोर्ट आई हैं क्योंकि युवा लोग सिस्टम के खिलाफ पीछे हट रहे हैं, लेकिन यह अभी भी असाधारण रूप से मजबूत बनी हुई है। उन्होंने ऑक्सफोर्ड जर्नल ऑफ लॉ एंड रिलिजन के शोध का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि चचेरे भाई–बहन की शादी दुनिया के लगभग 10 फीसदी लोगों द्वारा की जाती है और यह मध्य पूर्व, पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका में सबसे अधिक प्रचलित है।

### शेख हसीना के बयान का भारत नहीं करता है समर्थन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश में तख्तापलट के जरिए हटाई गईं प्रधानमंत्री शेख हसीना के उन बयानों का भारत समर्थन नहीं करता है, जिसमें उन्होंने अंतरिम सरकार की आलोचना की है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बुधवार को कांग्रेस नेता शशि थरूर की अध्यक्षता वाली संसदीय स्टैंडिंग कमेटी को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मुद्दा दोनों देशों के संबंधों में एक छोटी सी अड़चन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के साथ भारत का संबंध किसी एक राजनीतिक दल या सरकार तक सीमित नहीं है और भारत का ध्यान बांग्लादेश के लोगों पर केंद्रित है। शेख हसीना की ओर से आने वाले बयानों पर उन्होंने कहा कि वह शनिजी संचार उपकरणोंं का इस्तेमाल कर रही है और भारत सरकार ने उन्हें ऐसा कोई मंच या सुविधा नहीं दी है, जिससे वे भारत की जमीन से अपनी राजनीतिक गतिविधियां चला सकें। यह भारत की परंपरा है कि वह अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप से बचता है। शेख हसीना का संदेश, जिसमें वह अंतरिम सरकार की आलोचना कर रही हैं के संदर्भ में भारत की ओर से यह बयान महत्वपूर्ण है। उन्होंने अंतरिम सरकार को स्पष्ट किया है कि भारत का संबंध बांग्लादेश से किसी विशेष पार्टी या सरकार से आगे बढ़कर है।

# सीरिया में हमें धोखा दे रहा अमेरिका फिर खड़ा हो जाएगा आईएसआईएस

**चेतावनी**

## तुर्की के ड्रोन हमले झेल रहे कुर्द जनरल ने दी चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दमिश्क। सीरिया पर तुर्की समर्थित एचटीएस विद्रोहियों के कब्जा करने के बाद भी तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। अब यह लड़ाई कुर्दों के नियंत्रण वाले इलाके में तेज हो गई है। एचटीएस के लड़ाके अब कुर्दों पर हमला बोल रहे हैं। कुर्दों के इलाके में ही अमेरिका के 900 से ज्यादा सैनिक सुरक्षा देने के नाम पर तैनात हैं लेकिन वे एचटीएस के हमलों को नहीं रोक रहे हैं। इस बीच कुर्दों की सेना एसडीएफ के कमांडर जनरल मजलूम कोबानी ने अमेरिका को बड़ी चेतावनी दी है। जनरल कोबानी ने कहा कि अमेरिका उन्हें छोड़ रहा है।

अमेरिका के सीरिया में हाल के फैसलों से खालीपन पैदा हो गया है और इस अस्थिरता का आईएसआईएस के आतंकी फायदा उठा सकते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका कुर्दों के दुश्मन



एचटीएस के साथ दोस्ती कर रहा है। सीरिया में सबसे बड़ी कुर्द मिलिशिया के कमांडर जनरल कोबानी ने आरोप लगाया कि अमेरिका उन्हें अब अकेला छोड़ रहा है। वह भी तब जब कुर्द सेना सीरिया में आईएस आतंकियों के खिलाफ लड़ाई में प्रमुख भागीदार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका की मदद से कुर्द लड़ाकों ने आईएस आतंकियों के खिलाफ बड़ा ऐक्शन लिया जिससे उनकी जेलें भरी हुई हैं। यही नहीं उत्तरी सीरिया में उन्होंने अपनी स्वायत्त सरकार भी चलाई है। यह पूरा इलाका तेल से भरा हुआ है, इसलिए सभी गुट इस पर कब्जा करना चाहते हैं।

अलकायदा से जुड़े एचटीएस विद्रोहियों ने असद सरकार को हराने के बाद अब कुर्दों के तेल के एक इलाके पर कब्जा भी कर लिया है। इन एचटीएस विद्रोहियों को तुर्की का खुलकर समर्थन मिल रहा है। कुर्द लोगों और तुर्की के बीच वर्षों से दुश्मनी है। मानबिज और कोबानी में तुर्की के किलर ड्रोन और फाइटर जेट ने कुर्दों की सेना पर कई हमले किए हैं। इससे कुर्दों और तुर्की के बीच लड़ाई काफी तेज हो गई है। कुर्दों की मुख्य सेना सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस ने कहा है कि उसने अपने सैनिकों को आईएस आतंकियों की जेल से हटाकर उन्हें जंग के मोर्चे पर भेजा है।


एसडीएफ ने कहा कि इससे एक खालीपन पैदा हो गया है जिसका आईएसआईएस और अन्य आतंकी गुट फायदा उठा सकते हैं। अमेरिकी सेना के मध्य कमांड के कमांडर जनरल कुरिल्ला ने हाल ही में कहा था कि एसडीएफ की 20 जेलों में आईएस के 9 हजार आतंकी बंद हैं। एसडीएफ के जनरल कोबानी ने आरोप लगाया कि अमेरिका तुर्की और उसके प्रॉक्सी गुटों को रोकने में विफल रहा है और वे अब कुर्दों पर हमला कर रहे हैं जिससे अमेरिकी सैनिकों की तैनाती के बाद पैदा हुई शांति खतरे में पड़ गई है। अमेरिकी सेना की ओर से कोई मदद नहीं मिल रही है।

## एच–1बी जीवनसाथियों के लिए खुशखबरी!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) एच–1बी और एल–1 वीजा धारकों के जीवनसाथियों के लिए स्वचालित वर्क परमिट नवीनीकरण अवधि को 180 दिनों से बढ़ाकर 540 दिन करेगा। यह बदलाव 13 जनवरी, 2025 से प्रभावी होगा और 4 मई, 2022 को या उसके बाद दाखिल किए गए आवेदनों पर लागू होगा।

इस विस्तार का उद्देश्य प्रसंस्करण में देरी के कारण काम में आने वाली रुकावटों को रोकना है, जो कि पहले भी रिपोर्ट की गई एक समस्या है। ग्रीन कार्ड चाहने वाले एच–1बी वीजा धारकों के जीवनसाथी और एल–1 वीजा धारकों के जीवनसाथी वर्क परमिट के लिए पात्र हैं। होमलैंड सिक्योरिटी के सचिव एलेजांद्रो एन. मयोरकास ने कहा, जनवरी 2021 से, अमेरिकी अर्थव्यवस्था ने 16 मिलियन से अधिक नौकरियां पैदा की हैं।

उन्होंने कहा, कुछ रोजगार प्राधिकरण दस्तावेजों के लिए स्वचालित विस्तार अवधि बढ़ाने से लालफीताशाही को खत्म करने में मदद मिलेगी जो नियोक्ताओं पर बोझ डालती है, यह सुनिश्चित करेगी कि रोजगार के लिए पात्र लाखों व्यक्ति हमारे समुदायों में योगदान करना जारी रख सकें, और हमारे देश की मजबूत अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगी।



### अमेरिका ने तैयार किया रूसी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 का काल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका ने एक नया मिसाइल सिस्टम बनाया है, जिसे ब्लैक ईगलश नाम दिया गया है। अमेरिकी की ये एंटी मिसाइल प्रणाली खासतौर से रूस के लिए चिंता का सबब बन सकती है। अमेरिका की प्रणाली को रूस के एस–300वी4, एस–400 और एस–500 एयर डिफेंस सिस्टम से बेहतर बताया जा रहा है, जिसे दुनिया की बेहतरीन प्रणालियों में गिना जाता है। अमेरिका का यह सिस्टम एलआरएचडब्ल्यू एयूआर के साथ काम करता है। इसमें हाइपरसोनिक वारहेड लगा है, जो इसे बेहद खतरनाक बनाता है। आर्मी रिकगनाइजेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका की यह मिसाइल मैक 17 की रफ्तार से उड़ान भर सकती है, यह गति इसे रडार से बचने और निशाने पर सटीकता से वार करने में मदद करता है। इसका परीक्षण हाल ही में केप केनावेरल में लॉन्चर की तैनाती के साथ किया गया है।

# टैरिफ लगाने की धमकी के बीच ट्रंप ने शी चिनफिंग को दिया न्यौता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। राष्ट्रपति पद के लिए चुने गए डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को 20 जनवरी को अपने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। इसकी जानकारी सीबीएस न्यूज ने सूत्रों के हवाले से दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने चुनाव के तुरंत बाद नवंबर की शुरुआत में शी को आमंत्रित किया था, लेकिन यह स्पष्ट नहीं था कि चीनी राष्ट्रपति ने निमंत्रण स्वीकार किया है या नहीं। वाशिंगटन में चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। राष्ट्रपति–चुनाव की टीम जनवरी में कैपिटल में कई विश्व नेताओं की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बान,

### जनवरी में होगा ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह

जिनके ट्रंप के साथ मधुर संबंध हैं और जिन्होंने इस सप्ताह मार–ए–लागो में उनसे मुलाकात की, वे अभी भी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या वे इसमें शामिल होंगे। ट्रंप की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने कहा, विश्व के नेता राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए कतार में खड़े हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि ट्रंप जल्द ही सत्ता में लौटेंगे और अमेरिकी ताकत के माध्यम से विश्व भर में शांति बहाल करेंगे।

हाल ही में, ट्रंप ने चीन से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी है, साथ ही कहा कि अमेरिकी सरकार ने टिकटॉक की चीनी मूल कंपनी बाइटडांस को सोशल मीडिया ऐप बेचने या अमेरिका में प्रतिबंध का सामना करने के लिए ट्रंप के उद्घाटन की पूर्व संध्या 19 जनवरी तक की समय सीमा तय की है।

सीबीएस न्यूज के अनुसार, टिकटॉक वर्तमान में अदालत में प्रतिबंध के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, पिछले सप्ताह प्रतिबंध को रोकने के लिए एक बोली हारने के बाद, वह मामले को सुप्रीम कोर्ट में अपील कर रहा है।

विशेष रूप से, एक ऐतिहासिक राजनीतिक वापसी में, ट्रंप ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में 295 इलेक्टोरल वोट हासिल करने के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में दूसरा कार्यकाल जीता, उन्होंने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को हराया, जिन्हें 226 वोट मिले।

### कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की फिर हुई बेइज्जती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की खिल्ली उड़ाई है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर उन्हें गवर्नर ऑफ कनाडा बताया है। दरअसल, अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियों को लेकर ट्रंप बेहद सख्ती बरतने की चेतावनी दे चुके हैं। वह इन सभी को अमेरिका से बाहर करने की कसम खा चुके हैं। इस बीच, उन्होंने कनाडा को भी धमकी दी थी कि अगर वह अपने क्षेत्र से अवैध अप्रवासियों के प्रवेश को रोकने में असफल रहा तो उस पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। इसी मुद्दे को लेकर ट्रूथ सोशल पर कनाडा के प्रधानमंत्री का मजाक उड़ाते हुए एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, कनाडा के महान राज्य के गवर्नर जस्टिन ट्रूडो के साथ डिनर करना खुशी की बात थी।


**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# योजनाओं की जानकारी न होने पर अधिशासी अधिकारियों को चेतावनी

**निर्देश**

## जिलाधिकारी ने जनहित में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के दिए निर्देश

**संवाददाता**

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने गुरुवार को सभी अधिशासी अधिकारियों की बैठक लेते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), पीएम स्वनिधि, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं डोर–टू–डोर कूड़ा सेग्रीगेशन कार्यो को लेकर समीक्षा बैठक ली। योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी न होने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सकारात्मक कार्यशैली के साथ जनहित में काम करने की सख्त हिदायत दी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अधिशासी अधिकारी अपने नगर क्षेत्र में प्रत्येक दिन सफाई कार्यो की स्वयं देखरेख करें। नगर क्षेत्र में कूड़ा प्रबंधन के लिए ठोस व्यवस्था की जाए। पॉलीथीन उन्मूलन के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कपड़े के बैग तैयार कराए जाए। इससे नगर पालिका क्षेत्र में पॉलीथीन का उपयोग नहीं होगा और महिला समूहों को भी



फायदा मिलेगा।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने नगर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में जनता दरबार लगाकर समस्याएं सुनें और उनका प्राथमिकता पर निस्तारण करें। निकाय की परिसंपत्तियों की सूची बनाए। जिन दुकानों एवं आवासों से किराया जमा नहीं किया जा रहा है, उन पर जुर्माना लगाकर किराया वसूला जाए। एंटी लिटरिंग एक्ट और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेकने एवं गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाए। फड फेरी वालों का सत्यापन करने के बाद स्वनिधि योजना का लाभ दिया जाए। पीएम आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का कार्य तत्काल पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। नगर क्षेत्र के रास्ते और सड़क पर अवैध अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें। नगर क्षेत्रों में प्रस्तावित निर्माण कार्यो को तत्काल शुरू कराया जाए। सार्वजनिक शौचालयों में नियमित रूप से सफाई रखी जाए।

जिलाधिकारी ने नए अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जोशीमठ नगर पालिका का भ्रमण कर कूड़ा प्रबंधन सीखे। नगर पंचायत पोखरी में रैन बसेरा, कैंटीन व लाइब्रेरी का भ्रमण करें और अपने नगर क्षेत्रों में इसको अमल में लाए। योजनाओं की जानकारी न होने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अगली बैठक 28 दिसंबर को की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिशासी अधिकारी अगली बैठक में योजनाओं की पूरी जानकारी और तैयार के साथ स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, नोडल अधिशासी अधिकारी गोपेश्वर मानवेद्र सिंह रावत, ईओ बद्रीनाथ सुनील पुरोहित, ईओ पोखरी बीना नेगी, ईओ जोशीमठ हयात सिंह रौतेला, ईओ कर्णप्रयाग नरेन्द्र सिंह रावत, ईओ गौचर हेमंत चौहान, आदि उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### पौड़ी पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्र स्कूल में ग्रामीणों व छात्रों को चौपाल लगाकर किया जागरूक

**संवाददाता** पौड़ी। पुलिस कप्तान पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिला मंगल दल के सदस्यों, बुजुर्गों, नवयुवकों, ग्राम प्रहरियों तथा स्कूली छात्र–छात्राओं से समन्वय स्थापित कर महिला सुरक्षा एवं नशा मुक्ति के सम्बन्ध में बैठक आयोजित कर उनके क्षेत्रान्तर्गत होने वाली अवैध गतिविधियों व मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना देने के लिए प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया गया है। गुरुवार को थाना यमकेश्वर पुलिस टीम द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज यमकेश्वर तथा रिखणीखाल की पुलिस चौकी रथुवाढाब क्षेत्र के ग्राम–झर्त, ग्राम– बड़खेत तल्ला, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांडा की महिला मंगल दल के सदस्यों, बुजुर्गों, नवयुवकों, ग्राम प्रहरियों तथा स्कूली छात्र–छात्राओं एवं अध्यापकों को डिजीटल अरेस्ट, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा, गुड टच बेड टच, बच्चों में लेगिंग अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया एवं नशे से होने वाले के दुष्प्रभावों व आपातकालीन नम्बर डायल–112, साइबर हेल्प लाइन नम्बर–1930 आदि के बारे में जानकारी दी गयी।

### चमोली के नाजुक हिमालयी गांवों में लगातार आजीविका मॉडल का निर्माण

**संवाददाता** देहरादून। भारत की अग्रणी जनरल बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने एसबीआई फाउंडेशन के माध्यम से जलवायु–लचीला आजीविका मॉडल को लागू करने के लिए एचईएससीओ के साथ सहयोग किया है। इससे उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ ब्लॉक में स्थित आपदाग्रस्त हिमालयी गाँव के दूरदराज के 4,600 से अधिक लोगों को लाभ होगा। यह पहल सीधे तौर पर 570 घरों को सहायता प्रदान करती है और इसमें अप्रत्याशित मौसम और पर्यावरणीय चुनौतियों के खिलाफ समुदाय का लचीलापन बढ़ाने के लिए बायो–गीजर का वितरण शामिल है। वर्तमान में अपने अंतिम वर्ष में, तीन–वर्षीय परियोजना ने सफलतापूर्वक विविध, आत्मनिर्भर आजीविका मॉडल विकसित किए हैं।

### सनी देओल की आगामी फिल्म जाट के टीजर ने मचाई धूम

**संवाददाता** देहरादून। बॉलीवुड के एक्शन सुपरस्टार सनी देओल एक बार फिर अपने दमदार एक्शन और मसल मसाला अवतार में वापस आ गए हैं। हाल ही में उनकी आगामी फिल्म जाट का टीजर रिलीज हुआ जिसमें धमाकेदार स्टंट्स और हाई–ऑक्टेन एक्शन का बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला है। इस टीजर को पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए दुनिया भर में 12,500 स्क्रीन पर रिलीज किया गया, जो भारतीय सिनेमा में अब तक का सबसे बड़ा टीजर लॉन्च है।

# जिला उद्योग मित्र प्राधिकृत समिति की बैठक संपन्न

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जिला उद्योग मित्र प्राधिकृत समितिध्एकल खिड़की सुगमता व्यवस्था की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर भटवाड़ीसैण में मिनी औद्योगिक आस्थान में स्थापित इकाइयों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

मिनी औद्योगिक आस्थान भटवाड़ीसैण में पानी के स्रोत बढ़ाए जाने व मंदाकिनी नदी में पूर्व में स्थापित वाटर पंप को ठीक किए जाने को लेकर जिलाधिकारी ने अगले 02 दिनों में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला प्राधिकृत समिति द्वारा उद्यमी को आवंटित प्लाट संख्या–04 व 05 को पुनः आवंटन करने को लेकर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र महेश प्रकाश ने निवेशकों से प्राप्त एमओयू सहित स्थापित तथा गतिमान इकाइयों की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंतर्गत कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 14 स्वीकृत जबकि 07 आवेदन वापस तथा 02 आवेदनों को अन्य विभागों की सैद्धांतिक स्वीकृति हेतु अग्रसारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के अंतर्गत उद्यमियों हेतु 10 प्रतिशत अधिकतम 08.00 लाख प्रति इकाई प्रतिवर्ष दिए जाने का प्राविधान है। उन्होंने ब्याज उपादान से संबंधित इकाइयों को वितरित किए गए ऋण, वार्षिक ब्याज दर प्रतिशत, कुल ब्याज तथा उद्यमियों द्वारा वहन की जाने वाली धनराशि आदि की विस्तार से जानकारी दी।



### रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम' का किया गया आयोजन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिला सेवायोजन विभाग द्वारा जनपद के राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज, चमकोट एवं लदोली में 'रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, रोजगारोन्मुख कार्यक्रमों की सम्यक जानकारी छात्र–छात्राओं को उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के अंतर्गत दोनों विद्यालयों के लगभग 200 से अधिक छात्र–छात्राओं को लाभान्वित एवं मार्गदर्शित किया गया। कार्यक्रम का संचालन किशन सिंह रावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी सुशील चंद्र चमोली, जयकृत कंडवाल, तुलाराम बड़वाल, भुवनेश भट्ट, योगेंद्र सिंह रावत, रंजना भट्ट प्रियंका कुंवर आदि उपस्थित रहे।

# खनन प्रभावित क्षेत्रों में 348.97 लाख की 14 विकास योजनाओं को मिली मंजूरी

**संवाददाता**

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक हुई। जिसमें प्रबंधन समिति द्वारा पूर्व में संस्तुत किए गए उच्च प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत 208.35 लाख के 05 विकास कार्यो और अन्य प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत 140.62 लाख के 09 विकास कार्यो का अनुमोदन किया गया। इस दौरान जिला खनिज न्यास निधि के अंतर्गत प्राप्त आय व्यय पर भी चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के लिए स्वीकृत विकास कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए। ताकि जल्द से जल्द

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई खनिज फाउंडेशन न्यास की शासी परिषद की बैठक**

स्वीकृत विकास कार्यों का लाभ क्षेत्रवासियों को मिले। उन्होंने कहा कि शासी परिषद के सदस्यों से जो भी सुझाव प्राप्त हुए हैं उसके आधार पर जिला खनिज संस्थान न्यास मद की राशि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल, कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए किया जा रहा हैं।

बैठक में खनन प्रभावित उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र के अंतर्गत मैठाणा में खेल मैदान के समीप हाट बाजार एवं कैंटीन निर्माण, खेल मैदान स्टेज एवं चाहरदीवारी, जूनियर कन्या विद्यालय हरमनी में चाहदीवारी, राबाइका गौचर में बॉन्डरी वॉल, कर्णप्रयाग शक्तिनगर में नाला निर्माण की योजनाओं का अनुमोदन किया गया। अन्य प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत लंगासू, ग्वाड, बणसोली, मैखुरा मोटर मार्ग पर किलोमीटर 14 व 15 में सुरक्षा दीवार एवं नाली निर्माण, लाता और हेलंग में आवासीय भवनों व कृषि भूमि का सुरक्षात्मक कार्य, नंदानगर में बाढ सुरक्षा कार्य, कुलसारी में कटाव से सुरक्षात्मक कार्य, ईणा बधाणी गांव में नाला निर्माण, बैनोली के शिव मंदिर व कृषि भूमि पर बाढ़ सुरक्षा कार्य, थराली नासिर बाजार में बाढ़ सुरक्षा कार्य का अनुमोदन किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, अपर जिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण की शुरूआत

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा विकासखंड ऊखीमठ की ग्रामसभा मक्कूमठ में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बने स्वयं सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को छह दिवसीय सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान के निदेशक किशन सिंह रावत द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक ने बताया कि एनआरएलएम की महिला समूहों को प्रशिक्षण के बाद रोजगार से जोड़ने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर उन्हें स्थानीय स्वरोजगार की संभावनाओं जैसे सिट्रेस फल माल्टा, नींबू आदि से स्क्वैश, अचार आदि प्रसंस्कृत किए जाने की जानकारी से अवगत कराया।

*कुछ लोग केवल सफल होने के सपने देखते हैं जबकि अन्य लोग जाते हैं और इसके लिए कठिन मेहनत करते हैं।*
*–अज्ञात*





पेज थ्री
www.page3news.in


# सवालों में फैसला

**बाइडन इसलिए भी इस मामले में घिर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने गंभीर आपराधिक मामलों में अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया। आमतौर पर इस तरह के निर्णय मानवीयता के आधार पर लिए जाते हैं या फिर उन जगहों पर, जहां मामले राजनीतिक प्रकृति के हों।**

अनुज श्रीवास्तव।।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बेटे हंटर बाइडन को आपराधिक मामलों में माफी देकर अपने कार्यकाल के आखिरी दिनों को विवादास्पद बना दिया है। विशेष परिस्थितियों में किसी दोषी को माफी देना राष्ट्राध्यक्ष का विशेषाधिकार होता है, लेकिन यहां जिस तरह से उसका इस्तेमाल किया गया, उसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। यह मामला सीधे–सीधे परिवारवाद का है और अगर राष्ट्रपति जैसे पद पर बैठी शख्सियत इस तरह के फैसले लेगी, तो उससे जनता के विश्वास को चोट ही पहुंचेगी।

बाइडन के पूरे कार्यकाल में उनके बेटे हंटर भी चर्चा में रहे। उन पर दो गंभीर संघीय अपराध साबित हुए थे। एक, बंदूक खरीदने के दौरान ड्रग्स इस्तेमाल करने से जुड़ी गलत जानकारी देना और दूसरा केस टैक्स चोरी का था। हंटर को इसी महीने के आखिर में दोनों केस में सजाएं होनी थीं, लेकिन अपने पिता की 'दया' से अब उन पर कोई आरोप नहीं है। इसने डॉनल्ड ट्रंप को पूछने का मौका दे दिया है कि जनवरी 2021 में हुए दंगे में शामिल लोगों को भी क्या माफी दी जाएगी? कोई हैरत नहीं, अगर अगले महीने पद संभालने जा रहे ट्रंप अपने समर्थकों को नए साल के तोहफे में माफी दे दें।



बाइडन इसलिए भी इस मामले में घिर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने गंभीर आपराधिक मामलों में अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया। आमतौर पर इस तरह के निर्णय मानवीयता के आधार पर लिए जाते हैं या फिर उन जगहों पर, जहां मामले राजनीतिक प्रकृति के हों। वैसे, अपनों को राहत देने वाले बाइडन अकेले अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में दामाद को और बिल क्लिंटन ने चचेरे भाई को माफी दी थी। हालांकि दोनों केस में सजा हो चुकी थी, जबकि यहां राष्ट्रपति ने पहले ही क्षमा दे दी, जिसे न्याय व्यवस्था में दखल कहा जाएगा।

भारत में भी राष्ट्रपति और राज्यपाल के पास सजा को कम करने या माफ करने का अधिकार है। मंशा जो भी रही हो, लेकिन इस तरह के कदम कई बार विवाद भी पैदा कर देते हैं। 2013 में यूपी सरकार ने सीरियल ब्लास्ट के संदिग्धों पर से इस आधार पर केस वापस लेने का फैसला लिया था कि आरोप राजनीति से प्रेरित थे। हालांकि तब हाईकोर्ट को दखल देना पड़ा।

स्टेट हेड को क्षमा का अधिकार इसलिए दिया गया है, ताकि न्याय प्रणाली में मानवीयता बनी रहे। यह आखिरी हथियार की तरह है, जिसका इस्तेमाल तभी किया जाता है, जब यह लग रहा हो कि किसी को न्याय नहीं मिल सका और उसे सजा देने में गलती हुई है। क्षमा करना सबसे बड़ा धर्म है, लेकिन यह भी मायने रखता है कि इसका पात्र कौन है और जिसे दूसरा मौका दिया जा रहा है, क्या वह उसके लायक है।

## सद्‌बुद्धि

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** अगर भगवान हमें इतना कुछ दे रहा है तो हमें भगवान के लिए इतना कुछ करने के लिए भी क्या सोचना पड़ेगा। अगर बाद में हमारे काम नहीं चलेंगे और हमारे घर में खाना नहीं बनेगा तो भगवान भी भूखे रहेंगे तभी तुम्हें पता चलेगा कि बहुत क्या चीज होती है और भगवान हमेशा हम लोगों को मदद करना रहेगा। पत्नी की बातें सुनकर शिवराम की आंखें खुल गई उन्होंने कहा कि तुम बिल्कुल सही बोल रही हो मेरे पास जितना भी है हमारे पास जितना भी है खाने पीने के लिए सभी तो भगवान की ही देन है। क्योंकि अगर भगवान हमें काम नहीं देगा तो हम इसी तरह से भूखे ही रहेंगे तुम हर रोज भगवान के लिए थोड़ा समय खाना निकाल कर बहुत लगाकर खिलाया करो गौमाता को ऐसे हमारा लाभ भी बढ़ेगा और हमें भगवान हमें सद्‌बुद्धि भी देगा। **...शेष कल**

## संपादकीय

### गृहयुद्ध के संकेत

अल्पसंख्यकों पर अत्याचार न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया और विश्व के लिए भी चिंता का विषय बना हुआ है। भारत सरकार ने कहा है कि मोहम्मद यूनुस सरकार को माइनॉरिटी कम्युनिटी पर किसी भी तरीके का प्रॉसिक्यूशन बंद करना चाहिए और उन्हें प्रोटेक्शन दिया जाना चाहिए। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की बात उठाई है। वहां अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों पर हमले होते रहे हैं। पिछले साल ही दुर्गा पूजा में लगभग 35 अटैक हुए। एक दुर्गा पूजा पंडाल में बम से हमला हुआ।इन क्षेत्रों से हिंदू और बौद्ध समुदाय को शिफ्ट किया जा रहा है। चटगांव में मुस्लिमों को बसाकर बाकियों को वहां से माइग्रेट करने पर मजबूर किया जा रहा है। इस तरीके की हरकतें बहुसंख्यक क्षेत्रों में हो रही हैं। अब भारत और अमेरिका की सरकार को ह्यूमन राइट्स और अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए एक मजबूत रुख दिखाना चाहिए, ताकि पूरे दक्षिणी एशिया में शांति कायम हो। नहीं तो बांग्लादेश एक गृहयुद्ध की तरफ बढ़ता चला जाएगा और उसे पाकिस्तान बनने में देर नहीं लगेगी।

बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार पर चुनाव कराने के लिए दबाव बन रहा है। सरकार उसे आगे खिसकाने का प्रयास कर रही है। इसी सिलसिले में वह चाहती है कि वहां पर जो सेकुलर डेमोक्रेटिक फोर्सेज हैं, उनका सरकारी तंत्र के जरिए दमन किया जाए।

# राजनीतिक भेदभाव

संजय भारद्वाज।।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार कोई नई बात नहीं है। लेकिन इस बार जिस तरीके से उन पर जुल्म ढाए जा रहे हैं, उन्हें देखते हुए वहां की अस्थायी सरकार की नीयत पर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, बांग्लादेश की हिंदू कम्युनिटी हमेशा से लोकतंत्र और बंगाली अस्मिता के लिए आवाज उठाती रही है। 1952 में वह मॉडरेट सेकुलर बंगाली मुस्लिम के साथ बंगाली भाषा के संरक्षण के लिए उतरी। 1971 में बांग्लादेश को स्वतंत्र देश बनाने में उसका योगदान रहा और 2006 में जब जमात के साथ ठछच की दमनकारी सरकार आई, तो वह उसके खिलाफ ताकतवर आवाज बनी।

आज बांग्लादेश में जो गैर–लोकतांत्रिक और गैर–संवैधानिक सरकार काबिज है, उसके खिलाफ भी वहां के मॉडरेट सेकुलर लोग प्रतिरोध कर रहे हैं। इसमें भी वहां की हिंदू कम्युनिटी का योगदान है। जब बांग्लादेश की संस्कृति, संविधान और उसके लोकतंत्र को बचाने के लिए हिंदू कम्युनिटी सड़कों पर आ गई, तो उनके लीडर्स खासकर पुंडरीक धाम के चिन्मय कृष्णदास दास को राष्ट्रद्रोह के केस में बंदी बना लिया गया और उन्हें जमानत भी नहीं दी जा रही है।



बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार पर चुनाव कराने के लिए दबाव बन रहा है। सरकार उसे आगे खिसकाने का प्रयास कर रही है। इसी सिलसिले में वह चाहती है कि वहां पर जो सेकुलर डेमोक्रेटिक फोर्सेज हैं, उनका सरकारी तंत्र के जरिए दमन किया जाए। साथ ही, बहाना यह भी बनाया जा रहा है कि अभी बांग्लादेश में लॉ एंड ऑर्डर की सिचुएशन खराब है। जब तक कानून–व्यवस्था सही नहीं होगी और जब तक राजनीतिक सुधार नहीं होंगे, तब तक हम चुनाव नहीं कराएंगे। दूसरी ओर, राजनीतिक सुधार के नाम पर संविधान को बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

बांग्लादेश में संविधान को बदलने का प्रयास कई बार किया गया। 1971 में वहां चले बंगाली राष्ट्रवाद आंदोलन में भारत का बहुत बड़ा योगदान रहा। तब लगभग 10 से 15 हजार भारतीय सैनिकों ने भी अपनी जान दी। उसके बाद लोकतांत्रिक, सेकुलर और समाजवादी संविधान बना। लेकिन जब 1977 में जिया–उर–रहमान सत्ता में आए, तो उसे बदल दिया गया। सेकुलरिज्म को हटाकर तब धार्मिक शब्द लगा दिया। साथ ही, बंगाली राष्ट्रवाद की जगह बांग्लादेशी राष्ट्रवाद लेकर आए और उसका केंद्र इस्लाम को बनाया। कहा गया कि बंगाली मुस्लिम ही बांग्लादेश के नागरिक हैं। तभी से वहां अल्पसंख्यकों को मजबूर किया जाने लगा।

बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हमेशा से राजनीतिक रूप से भेदभाव होता रहा है। बांग्लादेश में जो संसदीय चुनाव होते हैं, उसमें माइनॉरिटी कम्युनिटी के 10 से 12 मेंबर चुने जाते हैं। उनको अच्छा पोर्टफोलियो नहीं दिया जाता या किसी महत्वपूर्ण पद पर भी नहीं बैठाया जाता। नौकरियों में भी यही हाल है। हालांकि बांग्लादेश में बड़ी संख्या में हिंदू समाज कारोबार से जुड़ा है। वह परफॉर्मेंस और मेरिट के आधार पर तरक्की कर रहा है।

### सूडोकू नवताल-5268

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल -5267 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

## अपना ब्लॉग

### नॉन पहाड़ियों में ज्यादा हिट

**मोहन।** क्या आपके कस्टमर सिर्फ पहाड़ी होते हैं, इस सवाल पर दीपक ध्यानी बताते हैं दृ हमारे कस्टमर्स में नॉन पहाड़ी ज्यादा हैं। इनमें भी पंजाबी लोग पहाड़ी उत्पादों को खूब पसंद कर रहे हैं। मंडवे का आटा, गहथ की दाल जैसे आइटम तो पूरे साल डिमांड में रहते हैं। इस डिमांड को पूरा करने के लिए हम उत्तराखंड के किसानों से सीधे अनाज की एकमुश्त खरीद कर लेते हैं। इससे बिचौलियों को भी एक्स्ट्रा नहीं देना पड़ता और किसान को भी उपज का दाम ज्यादा मिलता है। वहीं ग्राहकों को भी माल उचित दाम पर मिल पाता है। पहाड़ों से लाई सब्जी दिल्ली आकर खराब नहीं होने देते। उनके समय रहते काटकर, सुखाकर सुक्से (सूखी सब्जी) बनाकर स्टोर कर लेते हैं। इतनी पहुंच होकर भी आप ऑनलाइन रिटेल में क्यों नहीं, इस सवाल पर दीपक ध्यानी बताते हैं, हमारा मकसद सिर्फ पहाड़ी उत्पाद बेचना नहीं बल्कि पहाड़ी उत्पाद, खानपान को लेकर लोगों को जागरूक करना भी है।





## बेबी जॉन लेकर आ रहे हैं वरुण धवन, कपिल शर्मा को शो में हुई जमकर मस्ती

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर दर्शकों के बीच अभी से एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है। फिल्म में वरुण धवन का कभी न देखा अवतार देखने को मिलने वाला है। ये पहली बार है जब एक्टर साउथ के मेकर्स के साथ काम कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर भी जारी हुआ था जिसमें एक से बढ़कर एक खतरनाक सीन देखने को मिले थे। फिल्म की सिनेमाघर में पहुंचने में फिलहाल समय में है। इस बीच बेबी जॉन की पूरी टीम फिल्म का जमकर प्रमोशन करने में लगी हुई है। इसी बीच एटली कुमार, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी जैसे कलाकारों ने कपिल के पॉपुलर शो में शिरकत की है। सामने आए प्रोमो में सबसे पहले सुनील ग्रोवर शाहरुख खान के ऑनस्क्रीन किरदार जवान के गेटअप में नजर आते हैं। वो कहते हैं ये शो हाइजैक हो चुका है। आगे बड़े ही धांसू अंदाज में वरुण धवन स्टेज पर एंट्री करते हैं और दर्शकों के लिए स्टंट करते हैं। इसके आगे एक्टर सुनील और कपिल की नोकझोंक की फिरकी लेते हुए कहते हैं आप दोनों हमेशा लड़ते हुए रहते हैं। आगे कॉमेडियन एटली कुमार से हिंदी बात करते हैं जिसका वो बड़े ही मजेदार अंदाज में जवाब देते हैं। बेबी जॉन में वरुण धवन, कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित बेबी जॉन दर्शकों के लिए एक नया सिनेमैटिक एक्सपीरियंस होने वाला है।

## शाहरुख खान मन्नत की ऊंचाई बढ़ाने का कर रहे प्लान

शाहरुख खान अपने मन्नत को और भी आलीशान और खूबसूरत बनाने की तैयारी में जुटे हैं। मुंबई घूमने पहुंचने वालों के लिए शाहरुख का ये बंगला एक टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन चुका है, जिसकी ऊंचाई बढ़ाने की प्लानिंग में हैं एक्टर। खबर है कि एक्टर की वाइफ गौरी खान ने महाराष्ट्र कोस्टल जोन मैनेजमेंट अथॉरिटी को पिछले महीने ही एक आवेदन दिया है, जिसमें ऊपर कुछ और फ्लोर बढ़ाने की अनुमति मांगी गई है। दुनिया को भले शाहरुख का ये मन्नत देश का आलीशान बंगला लगता हो, लेकिन एक्टर को शायद ऐसा नहीं लगता। उन्हें ये घर अब छोटा लगने लगा है और अब वो इसे और बड़ा बनाने की तैयारी में जुटे हैं। बताया गया है कि गौरी खान के आवेदन में श्मन्नतश के ऊपर दो और फ्लोर यानी सातवें और आठवें फ्लोर बनाने की अनुमति देने की बात कही गई है। कहा जा रहा है कि इसे बनाने में जो खर्च आएगा वो करीब 25 करोड़ रुपये के आसपास होगी। बता दें कि करीब 200 करोड़ का ये श्मन्नतश 1914 में ही तैयार हुआ था, जिसका एरिया करीब 27,000 स्क्वायर फीट है।


## शादी करने वाली हैं साउथ इंडियन एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश, शुरू हुए प्री-वेडिंग फंक्शन



साउथ इंडियन एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश बहुत जल्द शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। एक्ट्रेस अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड एंथनी थैटिल के साथ सात फेरे लेने के लिए तैयार हैं। कपल 12 दिसंबर को गोवा में शादी के बंधन में बंध जाएगा। अब शादी से पहले, होने वाली दुल्हन की प्री-वेडिंग फंक्शन की एक तस्वीर ऑनलाइन वायरल हो रही है। इस फोटो में कीर्ति ड्रेसिंग टेबल पर बैठी हैं और तैयार हो रही हैं। कीर्ती आने वाले 25 दिसंबर को वरुण धवन के साथ बेबी जॉन में नजर आएंगी। कीर्ती को ड्रेसिंग गाउन में देखा जा सकता है जहां पीछे उनके घर का नाम शक्तिट्रीश लिखा हुआ है। तस्वीर को उनकी एक दोस्त ने शेयर किया था जिसपर कैप्शन लिखा था, "हम आ रहे हैं!! पागलपन शुरू होगा। कीर्ती और एंटनी पिछले 15 सालों से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। अभी कुछ समय पहले 27 नवंबर को ही कीर्ती ने तस्वीर शेयर कर एंटनी के साथ अपना रिश्ता कंफर्म किया था। इस तस्वीर में दोनों आसमान की तरफ देख रहे हैं। हालांकि दोनों का चेहरा नहीं दिखाई दे रहा क्योंकि इनकी पीठ कैमरे की तरफ है। आसपास आतिशबाजी हो रही है और पटाखे जल रहे हैं। कीर्ति ने कैप्शन में लिखा, श्15 साल हो गए और अभी भी जारी है....हमेशा से ही एंटनी और कीर्ति साथ थे। दोनों 12 दिसंबर को गोवा मे शादी करने वाले हैं।

# टेलर स्विफ्ट ने क्रू मेंबर्स को दान कर डाली करोड़ों की धनराशि

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*टेलर स्विफ्ट आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। सिंगर को दुनियाभर में लोग उनकी शानदार आवाज से पहचानते हैं। हाल ही में खबर आई की उन्होंने अपने एराज टूर के दौरान बिकी टिकटों से जो बिलियन डॉलर पैसे कमाए थे उसमें से 19.7 करोड़ डॉलर के आस पास की रकम उन लोगों को दे दी, जिन्होंने उनके टूर में काम किया था। पीपल की एक खबर के अनुसार, सिंगर ने अपने म्यूजिकल टूर पर काम करने वाले सभी लोगों को 197 मिलियन डॉलर का बोनस दिया है। इसमें शो में काम करने वाले ट्रक ड्राइवर, कैटरर्स, इंस्ट्रूमेंट टेक, मर्चेंट टीम, लाइटिंग, साउंड प्रोडक्शन स्टाफ और सहायक, डांसर, बैंड, सुरक्षा, कोरियोग्राफर जैसे लोग शामिल थे। उनकी इस दरियादिली की हर तरफ चर्चा हो रही है।*

### टूर के बाद फैंस को कहा थैंक्यू

टेलर ने वैंकूवर के बीसी प्लेस स्टेडियम में अपने टूर खत्म किया था। उन्होंने अपने शुरुआती लवर सेट के दौरान फैंस के प्रति आभार व्यक्त किया था। उन्होंने कहा था, हमने पूरी दुनिया का दौरा किया है। हमने बहुत सारे मजेदार काम किए। यह मेरे पूरे जीवन में अब तक का सबसे रोमांचक, शक्तिशाली, बेहतरीन और सबसे चुनौतीपूर्ण काम रहा है।



### अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा

टेलर स्विफ्ट के वैंकूवर शो ने उनके दौरे का 149वां काउंट पूरा किया जो मार्च 2023 में शुरू हुआ था। शो के बाद, टेलर टूरिंग ने न्यूयॉर्क टाइम्स को पुष्टि की कि 10,168,008 लोगों एरास टूर में शामिल हुए थे जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

### सबसे ग्रैंड पहप स्टार के टैग से सम्मानित

अगस्त 2023 में, टेलर ने अपने दौरे का पहला स्टॉप पूरा किया था। लोगों ने पुष्टि की कि सिंगर ने बोनस में +55 मिलियन से अधिक हिस्सा दे दिया है। इस बीच, टेलर स्विफ्ट विश्वस्तर पर जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं। वह लगातार दूसरे साल सबसे अधिक सुने जाने वाले कलाकारों की लिस्ट में शामिल हैं।

### 26.6 बिलियन से अधिक स्ट्रीमिंग

उनके पास 26.6 बिलियन से अधिक स्ट्रीमिंग हैं। पिछले महीने बिलबोर्ड पत्रिका द्वारा टेलर स्विफ्ट को 21वीं सदी का दूसरा सबसे ग्रैंड पॉप स्टार का टैग दिया गया था। उन्हें पहले बिलबोर्ड के 2023 के शीर्ष कलाकार का नाम भी दिया गया था।

# मैं लव-कुश के दर्द और उलझन को समझता हूं: शत्रुघ्न सिन्हा

*सोनाक्षी सिन्हा ने जून 2024 में जहीर इकबाल से शादी की। उनके भाई लव और कुश शादी में शामिल नहीं हुए। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी बेटी के फैसले का समर्थन किया और कहा कि वह उनके दर्द को समझते हैं। उन्होंने कहा कि युवा होने के कारण उनके बेटों ने यह फैसला लिया होगा।*



शत्रुघ्न सिन्हा से पूछा गया कि क्या वह अपनी बेटी के दूसरे धर्म में शादी करने के फैसले को सपोर्ट करते हैं, तो एक्टर बोले, बेशक, मैं अपनी बेटी का सपोर्ट करूंगा। मेरे पास ऐसा न करने का कोई कारण नहीं है। यह उसकी लाइफ और उसकी शादी है। उन्हें जीवन जीना है। अगर वो एक-दूसरे के बारे में योर हैं, तो हम कौन होते हैं इसके खिलाफ होने वाले? माता-पिता और पिता के रूप में, उसका सोपर्ट करना मेरा कर्तव्य था। मैं हमेशा उसके साथ रहा हूं, और आगे भी रहूंगा। हम महिला सशक्तिकरण के बारे में बहुत बात करते हैं, उसका अपना साथी चुनना कैसे गलत है? ऐसा नहीं है कि उसने कुछ गैरकानूनी किया है। वह मैच्योर थी।

### सोनाक्षी-जहीर की शादी को शत्रुघ्न ने इंजॉय किया

उन्होंने अपनी बेटी की शादी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं उसकी शादी की पार्टियों का लुफ्त उठा रहा था। लोगों से मिलकर और उनका सतकार करके मुझे बहुत खुशी हुई। सोनाक्षी और जहीर साथ में बहुत खूबसूरत लग रहे थे। वहां बहुत बढ़िया माहौल था।

### शादी में बेटों के न आने पर बोले शत्रुघ्न सिन्हा

शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने बेटों के शादी में शामिल न होने पर भी बात की। अपने बेटों के अपनी बहन की शादी में शामिल न होने के फैसले पर प्रतिक्रिया देने से इनकार करते हुए, दिग्गज स्टार ने कहा कि वह भी उनके दर्द और उलझन को समझते हैं। श्मैं शिकायत नहीं करूंगा। वो केवल इंसान हैं। हो सकता है कि वो अभी भी इतने मैच्योर न हों। मैं उनके दर्द और उलझन को समझता हूं। हो सकता है, अगर मैं उनकी उम्र का होता, तो शायद मेरी भी ऐसी ही प्रतिक्रिया होती। लेकिन, यहां आपकी मैच्योरिटी, बड़प्पन और अनुभव की भूमिका होती है। इसलिए, मेरा रिएक्शन इतना ज्यादा नहीं निकला।

# रोजाना खाली पेट पीने पर तेजी से पिघलेगी जिद्दी चर्बी



*डाइटिंग और वर्कआउट के बाद भी कई बार मनचागे नतीजे देखने को नहीं मिलते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो मुमकिन है कि आपका मेटाब०लिज्म ही धीमा हो गया हो। ऐसे में ऐसी हेल्दी ड्रिंक्स के बारे में बताते हैं जिन्हें रोजाना खाली पेट पीने से मेटाब०लिज्म बूस्ट होगा और वेट ल०स में भी मदद मिलेगी।*

**खीरा पुदीना वॉटर**
खीरा और पुदीना का पानी न सिर्फ स्वादिष्ट होता है, बल्कि यह आपके शरीर को भी हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है। खीरे में भरपूर मात्रा में पानी मौजूद होता है, जो आपको दिन भर एनर्जेटिक रखता है और पेट को फुल रखकर ओवरईटिंग से भी बचाता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से आपका वजन भी कम हो सकता है।

**चिया सीड्स वॉटर**
सुपरफूड कहे जाने वाले चिया सीड्स का नाम इन दिनों हर किसी की जुबान पर हैं। इनमें मौजूद फाइबर और ओमेगा–3 फैटी एसिड न सिर्फ आपको एनर्जेटिक बनाते हैं बल्कि आपके पाचन तंत्र को भी मजबूत करते हैं। पानी में भिगोने पर यह बीज एक जेल जैसा टेक्सचर बना लेते हैं, जो आपको लंबे समय तक फुल रखता है और वेट लॉस में भी मदद करता है।

**हर्बल टी**
अदरक, पुदीना या दालचीनी जैसी हर्बल टी न सिर्फ टेस्टी होती हैं बल्कि सेहत को भी कई फायदे पहुंचाती है। पुदीना की चाय पाचन को बेहतर बनाकर पेट की समस्याओं को कम करती है, अदरक की चाय मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर वजन घटाने में मदद कर सकती है और भूख को भी कंट्रोल करती है। वहीं, दालचीनी वाली चाय लीवर को डिटॉक्स करती है और ब्लड शुगर लेवल को भी बैलेंस रखती है। ये सभी हर्बल टी कैफीन फ्री होती हैं, जिससे आप बिना किसी चिंता के दिन की शुरुआत कर सकते हैं।

**अजवाइन का पानी**
अजवाइन का पानी पाचन और गैस की समस्याओं के लिए एक घरेलू उपचार है। इसमें कैलोरी कम होने के साथ ही विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं। यह पेट फूलन को कम करने में मदद करता है और पूरे दिन हाइड्रेटेड रखता है। सुबह खाली पेट इसे पीने से आपको वेट लॉस में काफी मदद मिल सकती है क्योंकि यह मेटाबॉलिज्म को भी बूस्ट करती है।

**माचा टी**
अगर आप भी वेट लॉस जर्नी फॉलो कर रहे हैं, तो माचा टी आपके लिए बेस्ट हो सकती है। इसे जापानी ग्रीन टी भी कहते हैं जिसमें मौजूद पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट्स और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट देने वाले गुण फैट को कम करने और ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में मदद करते हैं।



## महिलाओं की तुलना में पुरुषों में ज्यादा होता है पेट का कैंसर

कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब लोगों के बीच कैंसर के लेकर जागरूकता बढ़ने लगी है। हालांकि, आज भी पेट के कैंसर यानी ॓जवउंबी ंदबमत के बारे में कम ही लोग बात करते हैं। बहुत कम लोग ही जानते हैं कि यह भारत में कैंसर के कारण होने वाली मौत का चौथा सबसे आम कारण है, बावजूद इसके पेट के कैंसर को अभी भी कम आंका गया है। पेट हमारे शरीर का यह अंग है, जो हमारे खाने को स्टोर करता है और खाना पचाने में आंत की मदद करता है। ऐसे में पेट का कैंसर की तरह से हमारे स्वास्थ्य और जीवन को प्रभावित करता है। डेटा के मुताबिक, पेट का कैंसर भारत में प्रमुख चिंताओं में से एक है, खासकर पुरुषों में। मृत्यु दर ज्यादा होने की वजह से इसे दुनिया का पांचवां सबसे आम कैंसर माना जाता है। डॉक्टर बताते हैं कि यह कैंसर लाइफस्टाइल, खानपान की आदतों में बदलाव और तंबाकू और शराब जैसे कार्सिनोजेन के कारण शहरी क्षेत्रों में ज्यादा देखने को मिलती है। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में निदान और इलाज तक आसान पहुंच की कमी होने की वजह से बीमारी और गंभीर हो जाती है। दुनिया भर में अकेले एशिया में ही पेट के कैंसर के 70: से ज्यादा मामले हैं और भारत में बड़ी आबादी और बदलते रिस्क फैक्टर्स के कारण यह ज्यादा आम है।

## मूली के पत्ते खाने से सेहत से जुड़ी कई समस्याओं से होता है बचाव

सर्दियों का मौसम आते ही रसोई में मूली नजर आने लगती है। यह सब्जी न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद होती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ मूली ही नहीं इसके पत्ते भी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचने में मदद कर सकते हैं? जी हां, मूली के पत्ते बेहद पौष्टिक होते हैं। इसलिए इन्हें फेंकने के बजाय आप इसे अपने खान–पान का हिस्सा बनाएंगे, तो आपके लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा। मूली के पत्ते विटामिन, मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। इनमें विटामिन–के, विटामिन–सी, आयरन, कैल्शियम और फोलेट जैसे जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये पोषक तत्व हमारे शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाते हैं। विटामिन–के– यह विटामिन खून का थक्का बनने में मदद करता है और हड्डियों को मजबूत बनाता है। विटामिन–सी– यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है।

## कुछ आसान ट्रिक्स से आप बिना काटे पहचान सकते हैं मीठा संतरा



सर्दियों का मौसम आते ही संतरे हमारे पसंदीदा फलों में से एक बन जाते हैं। इनमें मौजूद भरपूर विटामिन–सी और एंटीऑक्सीडेंट्स न सिर्फ हमारी इम्युनिटी पावर को मजबूत बनाते हैं बल्कि हमें ताजगी और एनर्जी से भी भर देते हैं, लेकिन हर बार जब हम संतरा खरीदते हैं तो हमारे मन में एक सवाल जरूर उठता है कि क्या यह संतरा मीठा होगा या खट्टा? अक्सर ठेले पर रखे संतरे देखकर यह पता लगाना मुश्किल होता है कि कौन–सा संतरा मीठा होगा। ऐसे में, चिंता न करें क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जिनकी मदद से आप आसानी से पता लगा सकते हैं कि आप जो संतरा खरीद रहे हैं, वह मीठा है या खट्टा। मीठे संतरे का छिलका आमतौर पर गहरा नारंगी रंग का होता है। ऐसे में, हरे या पीले रंग का संतरा थोड़ा खट्टा हो सकता है। हालांकि, कुछ किस्मों के संतरे का छिलका हरा होने के बावजूद भी मीठा होता है। मीठे संतरे का छिलका थोड़ा उबड़ा–खाबड़ा होता है। अगर छिलका चिकना और चमकदार है तो मुमकिन है कि आप जो संतरा खरीद रहे हैं वह शायद खट्टा हो। मीठे संतरे से एक मधुर खुशबू आती है। अगर संतरे से कोई खास खुशबू नहीं आ रही है तो मानकर चलिए कि यह खट्टा हो सकता है। संतरे को हल्का–सा दबाकर देखें। अगर यह थोड़ा मुलायम है तो यह मीठा होने की निशानी है, लेकिन ध्यान रहे कि बहुत ज्यादा मुलायम संतरा खराब भी हो सकता है। संतरे की कई किस्में होती हैं। कुछ किस्में मीठी होती हैं तो कुछ खट्टी। इसलिए, आप जिस किस्म का संतरा खरीद रहे हैं, उसके बारे में दुकानदार से जानकारी भी हासिल कर लें।

# टोनर सर्दियों में स्किन को मॉइश्चराइजड रखने में करता है मदद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



*सर्दियों में त्वचा की खास देखभाल जरूरी है, क्योंकि इस मौसम में ठंडी हवा, त्वचा को रूखा और बेजान बना देती है। ऐसे में घर पर बने कुछ प्राकृतिक टोनर का इस्तेमाल आपके लिए सबसे असरदार और सुरक्षित उपाय हो सकते हैं, जिसके लिए गुलाब जल और एलोवेरा जेल से बने टोनर त्वचा को गहराई से नमी देकर भरपूर पोषण प्रदान करते हैं, जबकि चुकंदर–गाजर का रस से बना टोनर गालों को नेचुरल पिंक कलर प्रदान करता है। इसके अलावा, दूध और हल्दी का टोनर स्किन को पोषण देता है। ये टोनर्स स्किन को हाइड्रेट कर, हेल्दी और चमकदार बनाए रखते हैं। आइए जानते हैं इन टोनर्स को बनाने के तरीके के बारे में।*

**गुलाब जल और एलोवेरा जेल टोनर**
2 बड़े चम्मच गुलाब जल में 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल डालकर दोनों को अच्छी तरह मिक्स करें और किसी स्प्रे बॉटल में भरें। अब इसे सुबह–शाम साफ चेहरे पर स्प्रे करें। गुलाब जल त्वचा को फ्रेशनेस देता है और एलोवेरा जेल स्किन में गहराई तक नमी प्रदान करता है।

**चुकंदर और गाजर का टोनर**
एक चुकंदर और इक गाजर को छोटे टुकड़ों में काटकर एक कप पानी में उबालें। रस छानकर ठंडा करें और बॉटल में भरें। अब इसे कॉटन बॉल मदद से गालों पर लगाएं। चुकंदर का नेचुरल कलर पिगमेंटेशन को कम करता है और गाजर के पोषक तत्व गालों को शाईनी बनाते हैं।



**खीरा और पुदीने का टोनर**
एक खीरे को छीलकर छोटे–छोटे स्लाइस में काट लें और इसे 8–10 पुदीने की पत्तियों के साथ को एक कप पानी में 24 घंटे के लिए छोड़ दें। 24 घंटे बाद इसे छानकर स्प्रे बॉटल में भरकर रखें। इसे अपने चेहरे पर दिन में 1–2 बार स्प्रे करें। खीरा त्वचा को ठंडक और पुदीना ताजगी देता है।

**दूध और हल्दी का टोनर**
2 बड़े चम्मच फ्रेश दूध में एक चुटकी हल्दी मिलाकर टोनर तैयार करें।इसे कॉटन बॉल की मदद से चेहरे पर लगाएं। यह टोनर स्किन को नमी और पोषण देकर गालों को गुलाबी बनाता है।

**ग्रीन टी और नींबू का टोनर**
एक कप तैयार ग्रीन टी को ठंडा करें और इसमें एक बड़ा चम्मच नींबू का रस डालें और दोनों को अच्छे से मिक्स करें और फिर इसे कॉटन बॉल की मदद से गालों पर लगाएं। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर ग्रीन टी स्किन रिपेयर में मदद करती है।

**इन बातों का रखें ध्यान**
टोनर को हमेशा साफ चेहरे पर लगाएं। टोनर के बाद हल्का मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं। सर्दियों में दिनभर त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए पानी पीते रहें। प्राकृतिक टोनर का पहले पैच टेस्ट करें। इन टोनर्स का नियमित इस्तेमाल सर्दियों में आपके गालों को गुलाबी और स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं।



**सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक है स्टार्क**

34 साल के मिशेल स्टार्क आधुनिक क्रिकेट के सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक हैं। उनके नाम सभी प्रारूपों में 692 विकेट हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए लगभग हर बड़ा खिताब जीता है, जिसमें दो आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप (2015 और 2023), टी20 वर्ल्ड कप (2021), और आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (2023) शामिल हैं। पोंटिंग ने स्टार्क की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने खेल के हर प्रारूप में खुद को कैसे ढाल लिया है, यह काबिल–ए–तारीफ है।

## मिचेल स्टार्क के दिल में आग लगाने का खामियाजा भुगत रहा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के दौरान भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल की एक मजाकिया टिप्पणी ने मिशेल स्टार्क को दूसरे टेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित किया। पहले टेस्ट में, पर्थ में, जायसवाल ने दूसरी पारी में शानदार 161 रन बनाए। अपनी पारी के दौरान उन्होंने मिशेल स्टार्क से मजाक में कहा कि तुम बहुत धीमा गेंद डाल रहे हो। इस टिप्पणी पर स्टार्क ने हल्की मुस्कान दी, लेकिन दूसरे टेस्ट में एडिलेड में पहले ही गेंद पर जायसवाल को शून्य पर आउट कर अपनी जीत की कहानी लिख दी। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू एपिसोड में इस घटना पर चर्चा करते हुए कहा कि जायसवाल की इस टिप्पणी ने स्टार्क को और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, मिशेल स्टार्क बहुत शांत स्वभाव के हैं। वह ज्यादा घबराते नहीं, और अगर कोई बल्लेबाज कुछ कह भी दे, तो वो अक्सर मुस्कान के साथ जवाब देते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि उनकी ये मुस्कान उनके भीतर की आग को छुपाती है। उन्होंने एडिलेड में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने कहा, पिछले कुछ सालों में वह शायद अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं।

# रोहित शर्मा ओवरवेट हैं और उनकी फिटनेस अच्छी नहीं

## पूर्व क्रिकेटर ने भारतीय कप्तान पर कसा जोरदार तंज

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम मौजूदा समय में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी खेल रही है। इस टेस्ट सीरीज के दो मुकाबले खेले जा चुके हैं और अभी सीरीज 1–1 की बराबरी पर है। इस सीरीज के पहले टेस्ट मैच मिस करने के बाद दूसरे टेस्ट में वापसी करने वाले रोहित की फॉर्म खराब ही देखने को मिली। रोहित शर्मा पिंक बॉल टेस्ट में दोनों पारियों को मिलाकर केवल 9 रन ही बना सके। इसके बाद उनकी खूब आलोचना हो रही हैं। ब्रिस्बेन में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट से पहले साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर डेरिल कलिनन ने रोहित पर निशाना साधा हैं।

दरअसल, रोहित शर्मा पिता बनने की वजह से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे। उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह ने टीम की कमान संभाली और फिर एडिलेड टेस्ट में रोहित ने कमबैक किया। बुमराह की कप्तानी में भारतीय टीम को 295 रनों से जीत मिली थी, जबकि दूसरे टेस्ट में रोहित की वापसी के बावजूद भारतीय टीम को 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अब तीसरा टेस्ट गाबा में खेला जाना है, जिसमें टीम इंडिया की नजरें जीत हासिल करने पर हैं।



14 दिसंबर से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले रोहित की फॉर्म हर किसी की चिंता बढ़ा रही हैं। इस बीच पूर्व साउथ अफ्रीका क्रिकेटर डेरिल कलिलन ने उनका मजाक उड़ाया हैं। इंसाइडस्पोर्ट्स के साथ हुई बातचीत में पूर्व क्रिकेटर ने कहा, आप रोहित को देखिए और विराट को देखिए। आपको फिटनेस में अंतर साफ नजर आ जाएगा। रोहित ओवरवेट हैं, जो कि ज्यादा लंबे समय तक क्रिकेट नहीं खेल सकते हैं। रोहित की फिटनेस या फिजिकल कंडिशन सही नहीं हैं कि वह चार या पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेले।

कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 6 रन बनाए। इससे पहले इंडिया बनाम पीएम इलेवन के मैच में भी उन्होंने 3 रन बनाए थे। वहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में उन्होंने सिर्फ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 52 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा उनका बल्ला खामोश रहा था। रोहित की मौजूदा फॉर्म ने ही डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारतीय टीम की टेंशन बढ़ा दी हैं। भारतो को ऑस्ट्रेलिया को बाकी बचे हुए तीनों टेस्ट में हराना होगा, अगर उसे डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना है।

## सैयद मुश्ताक अली में मुंबई ने किया कमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अलुर। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में मुंबई ने विदर्भ को 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टर में मुंबई की टीम में अजिंक्य रहाणे, पृथ्वी शॉ और शिवम दुबे जैसे बल्लेबाजों ने कमाल किया था। इस जीत के साथ ही मुंबई ने टी20 क्रिकेट इतिहास का सबसे बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। मुंबई इस फॉर्मेट के नॉकआउट में सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। मुंबई अब टी20 में 220 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल करने वाली पहली टीम बन गई है। इस मामले में मुंबई ने पाकिस्तान के फैसल बैंक टी20 कप 2010 के सेमीफाइनल में रावलपिंडी रैम्स के खिलाफ 210 रनों का पीछा करते हुए कराची डॉल्फिन के रिकॉर्ड को तोड़ा है। मुंबई की बात करें तो मैच में विदर्भ ने उसे 222 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने 19.2 ओवर में 224 रन बनाकर इसे हासिल कर लिया।

# अगर समझ गए गाबा की पिच का मिजाज, तो रोहित ब्रिगेड की जीत पक्की!

■14 दिसंबर को भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। गाबा का मैदान, जहां ऋषभ पंत के बल्ले से निकला वो आखिरी चौका ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं था। चोटिल खिलाड़ियों से भरी भारतीय टीम ने जिस तरह से खेल दिखाकर कंगारुओं को मात दी थी, उसकी हमेशा ही तारीफ की जाती है। बात है साल 2020 की जब ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर आई भारतीय टीम ने 2–1 से सीरीज अपने नाम की थी और गाबा का घमंड तोड़ा था। इस मैदान पर इससे पहले भारतीय टीम कभी टेस्ट मैच नहीं जीती थी, लेकिन उस वक्त भारत ने इतिहास रचा और कंगारुओं को तगड़ा झटका दिया।

अब 4 साल बाद फिर से ब्रिसबेन के गाबा में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना है। यह मुकाबला 14 दिसंबर से खेला जाएगा, जिसमें टीम इंडिया से हर किसी को एक शानदार खेल दिखाने की आस है। ऐसे में जानते हैं ब्रिस्बेन के गाबा की पिच का मिजाज कैसा रहने वाला है?

अगर बात करें ब्रिस्बेन के गाबा की पिच की तो इस मैदान पर तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा है। तेज उछाल वाली पिच पर बल्लेबाजों को रन बनाने में संघर्ष करते हुए देखा जाता है। पिच का उछाल इतना सटीक होता है कि बल्लेबाज भी शॉट खेलने में आत्मविश्वास महसूस करते हैं।

इस मैदान पर अब तक कुल 68 टेस्ट मैच खेले जा चुके है, जिसमें पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 26 मैच जीते, जबकि बाद में बैटिंग करने वाली टीम को 27 मैच में जीत मिली। इस मैदान पर पहली पारी का औसत 327 का रहा है।

पर्थ में मिली जीत के बाद भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के हाथों दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। रोहित शर्मा की वापसी से जहां हर किसी को दूसरे टेस्ट मैच में जीत की उम्मीद थी, तो वहीं भारत का बैटिंग ऑर्डर फ्लॉप रहा। सिर्फ नीतीश रेड्डी के बल्ले से 42–42 रन निकले। वहीं, कंगारू टीम की तरफ से बैटर्स और बॉलर्स, दोनों का प्रदर्शन कमाल का रहा। ट्रेविस हेड ने पहली पारी में 140 रन बनाए। वहीं, पैट कमिंस और स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की। इस तरह दूसरा टेस्ट मैच जीतने के बाद सीरीज 1–1 की बराबरी पर पहुंच गई।

## न्यूज डायरी



## गाबा में बुमराह का हाल बुरा करना चाहता है कंगारू बल्लेबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ली। ऑस्ट्रेलियाई ओपनर नाथन मैकस्वीनी ने उम्मीद जताई कि गाबा में होने वाले तीसरे टेस्ट में वह भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कड़ी टक्कर देंगे। बता दें कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शनिवार से गाबा में पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टेस्ट शुरू होगा। बुमराह ने मौजूदा बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में मैकस्वीनी को खूब परेशान किया है। दो टेस्ट मैचों में भारतीय पेसर ने तीन बार ऑस्ट्रेलियाई ओपनर को अपना शिकार बनाया। हालांकि, एडिलेड टेस्ट की पहली पारी में नाथन मैकस्वीनी (39) ने बुमराह का डटकर मुकाबला किया था। युवा ओपनर का मानना है कि बुमराह की शैली के स्तर के गेंदबाज का सामना करने से बेहतर शुरुआत उनके लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में और क्या हो सकती थी? अपने करियर की शुरुआत में जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज का सामना करना बड़ी बात है। इससे मुश्किल और क्या ही होगा। एडिलेड में मुझे उनके खिलाफ खेलकर थोड़ा विश्वास मिला और जितना ज्यादा मैं उनका सामना करूंगा, उतना ही उनके खिलाफ मैं सहज होते जाऊंगा। इसमें कोई शक नहीं कि बुमराह का सामना करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन एडिलेड से मुझे कुछ विश्वास मिला और उम्मीद है कि आगे सीरीज में यह जारी रहेगा। मैकस्वीनी ने कहा, पहली बार जब उनका सामना किया तो पाया कि वह अनोखे गेंदबाज हैं। उनके एंगल को भांपना जरूरी था। पर्थ में मुझे उन्होंने दो बेहद खूबसूरत गेंदें डाली तो मैं इसे स्वीकार करके चल रहा हूं और मुझे विश्वास है कि उनके खिलाफ जो करूंगा वो अच्छा होगा।

## अश्विन–जडेजा के बेशकीमती क्लब का बने हिस्सा मोहम्मद शमी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बुधवार यानी 11 दिसंबर को क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में 200 विकेट पूरे करने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच में बड़ौदा के खिलाफ ये कारनामा किया। इस मैच में उन्होंने 4 ओवर के अपने कोटे में 2 विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने 43 रन खर्च किए। उन्होंने 19वें ओवर में लगातार शिवालिक शर्मा और अतित शेठ को चलता किया। 2 विकेट लेने के साथ ही वह घरेलू क्रिकेटरों के बेशकीमती क्लब में शामिल हुए। दरअसल, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मं बंगाल की टीम ने बड़ौदा को 41 रन से हराया। हर किसी की नजरें मोहम्मद शमी पर रही, जहां उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कुछ खास परफॉर्म नहीं किया। उन्होंने मैच में 4 ओवर में 43 रन लुटाते हुए 2 विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने टी20 क्रिकेट में 200 विकेट का आंकड़ा पूरा किया। वह ऐसा करने वाले 34वें प्लेयर बने। मोहम्मद शमी के नाम अब टी20 क्रिकेट, लिस्ट ए क्रिकेट और फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 200 विकेट पूरे हुए। दुनिया में कुछ ही प्लेयर ये कारनामा हासिल कर पाए हैं, जबकि भारत की तरफ से सिर्फ भुवनेश्वर और जसप्रीत बुमराह ही दो पेसर्स इस लिस्ट में शुमार हैं। उनके अलावा गेंदबाजों की लिस्ट में आर अश्विन, पीयूष चावला, हरभजन सिंह, अमित मिश्रा, रवींद्र जडेजा का नाम शामिल हैं।

## नितीश राणा और आयुष बडोनी के बीच मैदान पर हुई लड़ाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नई। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का नॉकआउट दौर शुरू हो चुका है। क्वार्टर फाइनल में कुल चार टीमों ने जीत हासिल सेमीफाइनल में में अपनी जगह बना ली है। प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया। मैच में दिल्ली ने रोमांचक अंदाज में यूपी की टीम को 19 रन से हरा दिया। इस मैच में जीत–हार के फैसले के फैसले से ज्यादा नितीश राणा और आयुष बडोनी के बीच हुई बहस की चर्चा हो रही है। दरअसल नितीश राणा जब यूपी के लिए गेंदबाजी कर रहे थे, तब रन लेने के दौरान आयुष बडोनी के साथ बहसबाजी हुई। वायरल वीडियो में यह देखा जा सकता है कि पहले नितीश राणा आयुष की तरफ बढ़े और उसके बाद फिर दिल्ली के कप्तान जवाब दिया। हालांकि, हालात ज्यादा बिगड़ते उससे पहले अंपायर ने दोनों खिलाड़ियों को एक दूसरे से अलग किया और मामला शांत हुआ। बता दें कि आयुष और नितीश राणा दोनों एक समय पर दिल्ली के लिए साथ खेल चुके हैं। हालांकि नितीश अब यूपी से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। इसके जवाब में उत्तर प्रदेश की टीम 174 रन पर सिमट गई।

पेज थ्री
देहरादून

पवेलियन मैदान में चल रहे लॉन बाल कैंप का निरीक्षण करते हुए सीएम धामी।





# हमारा दून




## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने पवेलियन मैदान में चल रहे लॉन बाल कैंप का किया निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को देहरादून के पवेलियन मैदान में चल रहे लॉन बाल कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुद भी मैदान पर उतरते हुए लॉन बॉल में हाथ आजमाया। मुख्यमंत्री ने कैंप में मौजूद खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों को आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं और सरकार उनके हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

### दिव्यांग जनो को जिलेवार विशेष कैम्प आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के तहत अगले विश्व दिव्यांग दिवस तक सभी दिव्यांग जनो को जिलेवार विशेष कैम्प आयोजित कर उनकी आवश्यकतानुसार उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराये जाने तथा दिव्यांग छात्रों को सिविल सेवा परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑन लाईन कोचिग व्यवस्था किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है।

### यदि पुल हुए धराशायी तो हत्या का मुकदमा दर्ज कराएगा मोर्चाः नेगी

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि डाकपत्थर बैराज से ढालीपुर–आसन बैराज हेड रेगुलेटर पुल तक शक्ति नहर पर बने पुलों की स्थिति के मामले में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ने दिनांक 20/8/24 के द्वारा अपनी रिपोर्ट में उक्त पुलों को अत्यधिक क्षतिग्रस्त गंभीर करार दिया था तथा भारी वाहनों को तत्काल प्रतिबंधित करने एवं हल्के वाहनों को भी एक–एक कर छोड़ने का सुझाव दिया था, लेकिन कोई भी अधिकारी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं।

### एनएसडीसी ने जसपे के साथ साझेदारी की

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने अग्रणी पेमेन्ट टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर, जसपे टेक्नोलॉजीज के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू का उद्देश्य पूरे भारत में कौशल विकास पहलों के लिए पेमेन्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर और सॉल्यूशन को बढ़ाना है। एनएसडीसी के हेडक्वार्टर में आज एनएसडीसी के सीटीओ श्रेष्ठ गुप्ता और जसपे के बिजनेस हेड ईशान शर्मा ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

# उत्तराखंड लागू करेगा देश की प्रथम योग नीति : मुख्यमंत्री

**आरोग्य एक्सपो**

■ 10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो–2024 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दी जानकारी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार देश की 'प्रथम योग नीति' लागू करने की दिशा में कार्य कर रही है। योग नीति आयुर्वेद और योग को व्यापक स्तर पर साथ लाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई क्रांति लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

गुरुवार को परेड ग्राउंड में आयोजित 10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो–2024 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में इस आयोजन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमारे प्रदेश में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और 6000 से अधिक विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। एक्सपो में लगाए गए 250 से अधिक स्टॉल



आयुर्वेद की वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता का प्रमाण दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह सम्मेलन आयुर्वेद के क्षेत्र में परस्पर ज्ञान साझा करने व विभिन्न शोध कार्यों को बढ़ावा देने के साथ–साथ सहयोग और व्यापार के नए अवसरों को बढ़ावा देगा। उन्होंने आयुष के क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन से राज्य सरकार भी प्रदेश में आयुर्वेद के प्रचार–प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वर्तमान में हमारे राज्य में आयुष आधारित 300 'आयुष्मान आरोग्य केंद्रों' का संचालन हो रहा है। ई–संजीवनी पोर्टल के माध्यम से 70 से अधिक विशेषज्ञों द्वारा आयुष परामर्श प्रदान किया जा रहा है। अब प्रत्येक जनपद में 50 बेड और 10 बेड वाले आयुष चिकित्सालयों की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा सरकार प्रत्येक जनपद के एक गांव को मॉडल आयुष गांव के रूप में स्थापित कर आयुर्वेदिक जड़ी–बूटियों के उत्पादन को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष निर्माण, वेलनेस, शिक्षा, शोध और औषधीय पौधों के उत्पादन को गति प्रदान करने के लिए 'उत्तराखंड आयुष नीति' लागू कर चुकी है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार आगामी वर्षों में आयुष टेली–कंसल्टेशन प्रारम्भ करने के साथ–साथ 50 नए योग और वेलनेस केंद्र स्थापित करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड प्राचीनकाल से ही आयुर्वेद और औषधीय संपदा की प्रज्ञा भूमि रही है। हमारे प्रदेश में पाए जाने वाली औषधीय जड़ी–बूटियों ने आयुर्वेद को आरोग्य के आधारभूत तत्व के रूप में स्थापित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद विश्व की एक ऐसी विशिष्ट चिकित्सा प्रणाली है जो प्राचीनकाल से ही मानव सभ्यता का आरोग्य सुनिश्चित करती आ रही है। सम्मेलन में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर भेजे गए संदेश को पढ़ा।

### उत्तराखंड में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उत्तराखंड में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना के लिए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय से अनुरोध किया है, ये संस्थान आयुर्वेद शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने विशेषज्ञों से आह्वान करते हुए कहा कि हमारी जड़ी–बूटियों के हिंदी नामों के साथ ही अंग्रेजी नामों को भी प्रचारित किया जाए। इससे स्थानीय जड़ी बूटियों की वैश्विक बाजार तक पहुंच आसान हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ में हम 'किलमोड़े' को जानते है लेकिन उसके अंग्रेजी नाम 'बेरीबेरीज' को अधिकतर लोग नहीं जानते हैं जबकि इस नाम को पूरा विश्व जानता है और इससे दवाएं बनती हैं। इसलिए अंग्रेजी नाम भी प्रचारित किया जाना चाहिए।

# राज्य की आर्थिकी बढ़ाने के लिए नवाचार पर दें ध्यान

**समीक्षा**

■मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की सशक्त उत्तराखण्ड 2025 की समीक्षा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को सचिवालय में सशक्त उत्तराखण्ड 2025 की समीक्षा करते हुए कहा कि पूर्व में उत्तराखण्ड के रजत उत्सव वर्ष तक सभी विभागों को दो–दो गेम चेंजर योजनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिये गये थे। सभी विभागों को उन्होंने इस संबंध में हुई कार्य प्रगति का स्पष्ट विवरण आगामी बैठक में उपलब्ध कराने के निर्देश



दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2027 तक राज्य की जीएसडीपी दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए सभी विभाग अल्पकालिक, मध्यकालिक तथा दीर्घकालिक योजना के अनुसार तेजी से कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भी कार्य किये जाएं उनका परिणाम धरातल पर पूर्ण रूप से दिखाई दे। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्यों में तेजी लाने के लिए सचिव और विभागाध्यक्षों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदर्श उत्तराखण्ड की दिशा में तेजी से कार्य किया जाना अधिकारियों का दायित्व है। राज्य की आर्थिकी बढ़ाने के लिए नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जाए। कृषि, बागवानी, ऊर्जा, पर्यटन, आयुष जैसे क्षेत्रों में राज्य में अनेक संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में रोजगार की भी अपार संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर समिट के दौरान आये निवेश प्रस्तावों की तेजी से ग्राउंडिंग हो, इसके लिए और प्रभावी प्रयास किये जाएं।

### सीएम ने तीर्थ पुरोहित महापंचायत के सदस्यों और पंडा पुजारियों ने भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरूवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत के सदस्यों और पंडा पुजारियों ने भेंट की। उन्होने चारधामों में शीतकालीन दर्शन यात्रा के लिये मुख्यमंत्री द्वारा की गई अभिनव पहल के लिये मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होने 16 दिसम्बर से आरम्भ होने वाली शीतकालीन यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतकालीन चार धाम यात्रा के सफल संचालन में चार धाम तीर्थ पुरोहित महा पंचायत के साथ अन्य सभी सम्बन्धित संस्थानो एवं संगठनो आदि को भी सहयोगी बनना होगा। उन्होने कहा कि शीतकालीन चार धाम यात्रा सफलता पूर्वक संचालन हो, इसके लिये सभी सम्बधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। शीतकालीन यात्रा से राज्य की आर्थिकी को भी बढावा देने में मदद मिलेगी तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होगें।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code
Read News
Watch News Channel



**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।